सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-621
17/12/2017

मुख्यमंत्री ने बाल लीला मैनी संगत गुरूद्वारा में बड़ी लंगर सेवा का शुभारंभ किया

पटना, 17 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार 350वें प्रकाशोत्सव के शुकराना समारोह और 351वें प्रकाश पर्व की तैयारी के मौके पर श्री पटना साहिब बाल लीला मैनी संगत गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को बाबा कश्मीर सिंह जी भूरीवाले, सुखविंदर सिंह जी भूरीवाले, गुरविंदर सिंह जी भूरीवाले ने सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने देश के कोने–कोने से आये जत्थेदारों को लंगर में अपनी सेवा प्रदान कर बड़ी लंगर का शुभारंभ किया। गौरतलब है कि 350वें प्रकाश पर्व शुकराना समारोह 23 से 25 दिसम्बर तक आयोजित है, जिसमे शामिल होने के लिये देश–विदेश के कोने–कोने से सिख श्रद्धालू पटना पहुँच रहे हैं, जिसको देखते हुए बड़ी लंगर सेवा शुरू की गयी है।

बड़ी लंगर सेवा का शुभारंभ करने के बाद श्री पटना साहिब बाल लीला मैनी संगत गुरुद्वारा में मुख्यमंत्री ने लंगर छका।

इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद श्री संजय झा, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, नगर आयुक्त श्री अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी श्री संजय कुमार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

******